तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 8 नवंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 वंदे मातरम् के समूह गायन से राष्ट्रीय एकता...



12 आरीडोंगरी माइंस क्षमता विस्तार जनसुनवाई ...



## खबर संक्षेप

### रामकृष्ण आश्रम में 9 को होगा वार्षिक सम्मेलन



**पखांजुर ।** धर्म, आध्यात्म और समाज सेवा के दिव्य आदर्शों के प्रचार-प्रसार के लिए रामकृष्ण विवेकानन्द भाव प्रचार परिषद का भव्य वार्षिक सम्मेलन श्री श्री रामकृष्ण आश्रम पखांजुर में 09 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन में स्वामी ईष्टमयानन्द महाराज, स्वामी व्याप्तानन्द महाराज, स्वामी योगस्थानन्द महाराज, स्वामी निर्विकल्पानन्द महाराज, स्वामी नित्यज्ञानानन्द महाराज, स्वामी निर्विकारानन्द महाराज, स्वामी अनुभवानंद महाराज, स्वामी प्रपत्यानन्द महाराज, स्वामी सेवाव्रत्तानन्द महाराज, स्वामी अध्यानानन्द महाराज, स्वामी कृष्णांमृतानन्द महाराज, स्वामी विश्वात्मानन्द महाराज, स्वामी तन्मयानन्द महाराज, स्वामी विरेशानन्द महाराज सहित अन्य पूजनीय महाराज शामिल रहेंगे। अपनी अमृतमयी वाणी और दिव्य उपस्थिति से भक्तों को अनुगृहीत करेंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत 30 वर्षीय पुरन उईके ने गमछा का फंदा बनकार फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बोरसी निवासी ललिता बाई उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक हमेशा शराब के नशे में रहता था। शराब पीने के लिए मना करने पर लड़ाई झगड़ा करता था। पुरन उईके 6 नवंबर को शराब के नशे में घर आया। खाना देने की बात को लेकर विवाद हुआ और कुछ देर बाद वह सोने के लिए चला गया। सुबह देखी तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। अज्ञात कारणों के चलते मृतक ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 55 वर्षीय गोविंदरराम कोरेटी ने 5 नवंर को अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। डोंगरकट्टा निवासी आशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने नारियल की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** सीएचसी धनेलीकन्हार से बिना नंबरी मर्ग डायरी कांकेर थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 34 वर्षीय कौशिल्या कोर्राम को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। साप का जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 23 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अप्रशिक्षित व्यक्ति से विद्युत कार्य कराने पर मामला दर्ज

**कांकेर।** पुलिस ने विवेचना में पाया कि नवलसिंह कोमरा द्वारा बिजली पोल से हुकिंग कर अवैध कनेक्शन लेकर बिजली लाइट चला रहा था, जो विगत 8-10 दिन से लाईट बंद होने से 3 अक्टूबर को रात करीबन 8 बजें अपने गांव के ही अप्रशिक्षित व्यक्ति मानसाय मण्डावी से बिना सुरक्षा उपाय के उतावलेपन व लापरवाही पूर्वक सर्विस तार का सुधार कार्य करवा रहा था। मानसाय मण्डावी के द्वारा सर्विस तार का सुधार कार्य करते हुए बिजली करेंट लगने से मौके पर मौत हो गया। प्रथम दृष्टया आरोपी नवलसिंह का कृत्य अपराध धारा 106 (1) बीएनएस, 135 विधुत अधिनियम 2003 का घटित करना पाये जाने मामला पंजीबद्ध का विवेचना में लिया गया।

## उपलब्धि : वंदे मातरम् की 150वीं जयंती पर सरोना क्षेत्रवासियों को मिला अपना थाना

# सरोना क्षेत्र के 35 गांवों में कानून- व्यवस्था होगी और मजबूत, समय एवं संसाधन की होगी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/सरोना

**खास बातें**

- सुरक्षा व्यवस्था को मिली नई दिशा, जनता में खुशी की लहर
- थाना में आने वाले हर नागरिक से पुलिस को सम्मान से करनी होगी बात



सरोना क्षेत्र के 35 गांव के लोग 20 वर्षो से इंतजार कर रहे थे, यह इंतजार भाजपा के शासन में 7 नवंबर को खत्म हो गया यानी क्षेत्र के लोगों के लिए सरोना थाना की सौगात मिल गई। विधायक आशाराम नेताम,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं अन्य अतिथियों ने पूजा पाठ करके थाना का लोकार्पण कर आमजनता को सौंपा। विधायक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संदेश भी लिखा।

विधायक आशाराम नेताम ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम का 7 नवंबर को 150 वीं जयंती रही और इस मौके में सरोना में थाना खुला है, जो सदैव याद रहेगा। मै विधायक बना तो मेरे पास थाना खुलवाने के लिए आवेदन मिला, जिस दिन से आवेदन मिला उस दिन से मै मुख्यमंत्री से थाना माँग किया और उन्होने स्वीकृत किया, उसे खुलवाने के लिए एसपी साहब को परेशान करता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बहुत सहयोग किया और उसी का परिणाम है कि आपको थाना इतनी जल्द मिल सका। इस थाने के अंतर्गत आने वाले 35 गांव के लोगों को जो ज्यादा दूरी तय करनी पड़ती थी, उसमें अब राहत मिलेगी। सरोना थाना खुलने से क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। यह केवल एक प्रशासनिक स्थापना नहीं, बल्कि स्थानीय जनता की सुरक्षा और सुविधा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अब आम नागरिकों को छोटी-बड़ी शिकायतों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। थाना खुलने से कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी तथा पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता भी बढ़ेगी। इससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और विवादों के त्वरित निराकरण में निश्चित रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सीईओ से कहना चाहूंगा कि यहां तहसील बना है, उसको भी जनता को सौपे, जिससे आसानी से क्षेत्र के लोगों को काम करवाने में आने वाली दिक्कतों से राहत मिल सकेगी।

अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, जनपद सदस्य चिंतामणी रामटेके, सरोना सरपंच दीपिका वट्टी, एएसपी दिनेश सिन्हा, एसडीएम अरूण वर्मा भी शामिल रहे।





### थाना खुलने से क्षेत्र सुरक्षा होगी चौकस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि सभी को लगना चाहिए कि थाना खुलने से उनकी सुरक्षा बढ़ गई है। सबकी बात को सुनना है, सभी गांव वालो को लगना चाहिए की थाना प्रभारी व स्टॉफ हमारे लिए उपस्थित है। ग्रामीण और पुलिस के बीच दूरी नही रहनी चाहिए। गांव के जो लोग भी आते है, उनको आराम से बिठाकर बात करों, उनके सम्मान में कोई कमी नही होना चाहिए। बादमाश प्रवृत्ति के जो लोग है, उनको एक दो बार समझाइस दें, सीधा चौथा गेयर न लगाए। गांव वाले सीधे साधे रहते है, उनके सम्मान का ध्यान रखना है।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य भाऊराम भास्कर, जनपद सदस्य भानु नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेशवर सिन्हा, सरपंच मुड़पार गंगाराम शोरी, सरपंच दलदली रमेश कुंजाम, सरोना उप सरपंच दिनेश सहारे, मुड़पार उपसरपंच राजकुमार कश्यप, पूर्व सरपंच सूरज कोर्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, ग्राम पटेल मोहन नेताम, पूर्व उप सरपंच अब्दुल गफ्फार मेमन, किशोर भास्कर, भरत निषाद, अजय हिरवानी, संजय गोलछा, तुकाराम नेताम, निलेश गोलछा, अशोक निषाद, पुष्कर साहु, अनिल गजपाल, फैजल मेमन, एवन साहू, सतीश साहू, नीरज फव्यानी, पुलिस विभाग, जिला प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## एबीईओ को हटाने की मांग पर शिक्षकों में आक्रोश, उग्र आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल विकासखंड में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षा फेडरेशन के बैनर तले शिक्षकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एबीईओ को तत्काल पद से हटाने की मांग किया है। संगठन का कहना है कि एबीईओ का व्यवहार शिक्षकों के प्रति वर्षों से असहनीय रहा है, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि एबीईओ अंजनी मंडावी पिछले लगभग 12 वर्षों से एक ही ब्लॉक में पदस्थ हैं और इस अवधि में उन्होंने कई शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न किया है। शिक्षकों के अनुसार शाला निरीक्षण के दौरान वे अनावश्यक दबाव एवं अपमानजनक व्यवहार करती हैं। यहां तक कि दिव्यांग महिला शिक्षकों को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। शिक्षकों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बनाए गए ऑडियो और वीडियो क्लिप्स को अन्य समूहों में भेजकर उन्हें बेइज्जत किया जाता है, जिससे उनका मान-सम्मान और आत्मविश्वास प्रभावित हो रहा है। संगठन ने कहा कि निरंतर मानसिक शोषण के कारण शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और शिक्षक मनोबल टूट रहा है। इस संबंध में 14 अक्टूबर 2025 को भी संघ द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए मजबूर होकर पुनः उच्च प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि 8 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई कर एबीईओ को स्थानांतरित या हटाया नहीं गया, तो शिक्षक वर्ग उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची, उपाध्यक्ष उमेश शुक्ला, उत्तम चंद वारे, बलराम भोयर, टीकाराम ठाकुर, मनोज मंडावी, लाल सिंह पोटाई, लालमन पटेल, लोकेश साहू, प्रवीण देवांगन, सुखराज मरकाम, बसंत साहू, विकास सिंह ठाकुर, महेश्वर कोटपरिया, अरुण मालेकर, शेख अमजद, सेवकराम सूर्यवंशी सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

## लचर नेटवर्क से दुर्गूकोंदल क्षेत्र के ग्रामीण परेशान, आमागढ़ में टावर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में नेटवर्क से क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हो गए है। ग्रामीणों ने बताया कि इस ईलाके में जिओ का नेटवर्क है, परंतु बहुत घटिया है। नेटवर्क सही ढँग से नहीं चलने से ग्रामीण परेशान हो रहे है। ग्रामीणों ने आमागढ़ में नवीन टावर लगाने की माँग किया है।

आमागढ के ग्रामीण डिकेश शर्मा, मनीष नरेटी, विकास विश्वकर्मा, प्रियम मांझी, पंकज उइके, मदन साहू, ब्रम्हानंद जैन ने बताया है कि निजी कंपनी जीओ कि बदहाल स्थिति से उपभोक्ताओं को कोई फायदा नही मिल रहा है। जीओ ने 4 जी को 5 जी मे कन्वर्ट किया है, लेकिन इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कोई फायदा नही मिल रहा है। कंपनी रिचार्ज के नाम पर लूट मचा रखी है, अनलिमिटेड डाटा के नाम पर उपभोक्ताओं को लुभावने प्रचार कर रही है और रिचार्ज करवाने के बाद 5 जी सेवा का लाभ ही नही मिल रहा है। उसका बड़ा कारण यह है कि जहाँ टावर लगा है, वहीं केवल 5 जी की सेवा वही मिल रही है। अन्य ग्रामो में 4 जी नेटवर्क ही उपलब्ध है, इसलिए जीओ 5 जी का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नही मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आमागढ से महज दो किमी दूर हानपत्तरी मे जीओ का टावर लगाया गया है और आमागढ से 2 किमी दूर गुलालबोड़ी मे जीओ कि टावर लगाया गया है व एड़गुड़ सीएएफ कैम्प 3 किमी दूर मे जीओ टावर लगाया गया है फिर भी आसपास के गाँव मे नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। 5जी नेटवर्क होने के बावजूद नेटवर्क की स्पीड 3 जी से भी कम है। इस स्थिति मे मनरेगा कार्य जैसे कई सारे सरकारी काम अटके पड़े रहते हैं। आमागढ के ग्रामीणों ने आमागढ में जीओ का नवीन टावर लगाने की मांग शासन प्रशासन से किया है।



## परिवहन संघ ने चक्काजाम और बेमियादी हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- परिवहन संघ के व्यापारियों ने एसडीएम को चेतावनी भरा ज्ञापन सौंपा



परिवहन संघ भानुप्रतापपुर ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला प्रशासन को एक बार फिर अल्टीमेटम दिया है। संघ ने गोदावरी माईन्स में 36 प्रतिशत परिवहन हिस्सेदारी और 13 अतिरिक्त गाड़ियों को निर्बाध रूप से कार्य देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन की बात करते हुए 11 नवंबर को चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

परिवहन संघ के व्यापारियों ने एसडीएम को चेतावनी भरा ज्ञापन देते हुए बताया कि पूर्व में संघ की मांग पर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ को कुल परिवहन कार्य में 36 प्रतिशत हिस्सेदारी दिए जाने का आदेश हुआ था। इसके साथ ही प्रतिदिन 13 अतिरिक्त गाड़ियों को काम पर लगाने का आश्वासन भी दिया गया था। आश्वासन देने के लगभग 3 माह बीत जाने के बाद भी यह लिखित सुरक्षा के आश्वासन को रद्द कर दिया गया है।

इस संबंध में परिवहन संघ ने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री कार्यालय में भी लिखित रूप से 3-4 बार अवगत कराया गया था। संघ ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा धरना स्थल पर उपस्थित होकर 3-4 दिवस में समस्या के निराकरण का वादा करने पर संघ ने अपना धरना स्थगित कर दिया था। संघ का आरोप है कि उपरोक्त आश्वासन के लगभग 20-25 दिन व्यतीत हो चुके हैं, लेकिन अब तक अतिरिक्त 13 गाड़ियों को कार्य पर लगाना पुनः प्रारंभ नहीं किया गया है।

### गंभीर आर्थिक संकट, माँग और चेतावनी

संघ का कहना है कि इसके परिणामस्वरूप, परिवहन संघ से जुड़े सदस्यों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ का मानना है कि इस असत्यता की स्थिति और कठोर निर्णय के कारण आंदोलन आगे बढ़ रहा है। परिवहन संघ ने जिलाधीश से अनुरोध किया है कि वे इस विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुए 13 अतिरिक्त गाड़ियों का कार्य निर्बाध रूप से बहाल करवाने का कष्ट करें, ताकि क्षेत्र में शांति, व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बना रहे और किसी प्रकार की अवांछित स्थिति उत्पन्न न हो।

## स्वरूपनगर व माचपल्ली में पीएम आवास व राशनकार्ड बनाने के नाम पर वसूली

# भ्रष्टाचार की जाँच में भ्रष्टाचार का खुलासा पर एक माह के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- पंचायत सचिव ने हजारों रुपए की वसूली पर कार्रवाई नहीं



जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत दो ग्राम पंचायत स्वरूपनगर और माचपल्ली में प्रधानमंत्री आवास और राशनकार्ड बनाने के नाम पर सचिव के ऊपर कथित रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर मामले की जाँच कराई गई और बयान दर्ज भी किए गए, परंतु कार्यवाही में गति नहीं आने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 13 अक्टूबर को एक उच्च-स्तरीय जांच टीम ने स्वरूपनगर पहुँचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए और पंचनामा तैयार किया, लेकिन लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपितों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की इस 'लापरवाही' के कारण ग्रामीणों में भारी रोष है। स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर यह गंभीर आरोप लगाया है कि विभाग की मिलीभगत के कारण संबंधित कर्मचारियों पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार लापरवाही के चलते कई दिनों से पंचायत भवन में ताला जड़ा हुआ है, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि जांच होने के बाद भी यदि दोषियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है तो इसका स्पष्ट अर्थ है कि कोयलीबेड़ा जनपद पंचायत के अधिकारी ही उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि सचिव ग्रामीणों को फोन कर उन्हें पखांजूर बुलाया जाता है और रुपए वापिस लेकर कोरे कागज पर दस्तखत करने की बात रखी गई है, इससे यह स्पष्ट होता है कि सचिव ग्रामीणों को गुमराह कर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का पूर्ण प्रयास में जुटा हुआ है।

### जांच रिपोर्ट पर चुप्पी ग्रामीणों में आक्रोश

विकास विस्तार अधिकारी एससी वैद्य, सहायक यांत्रिकी लेखा एंव करारोपण अधिकारी संतरमा वर्मा, तकीनीकि सहायक धनेश्वरी पाठक सहित जांच टीम ने एक माह पहले मौके पर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए थे। ग्रामीणों ने बताया था कि सचिवों द्वारा प्रधान मंत्री आवास के लिए 12,000 रूपएं और राशनकार्ड के लिए 500 से 1000 रूपएं तक की अवैध मांग की जा रही थी। साथ ही फर्जी प्रस्ताव बनाकर राशि के गबन का भी गंभीर आरोप लगाया गया था। जाँच में यह बयान आने के बाद जाँच रिपोर्ट पर चुप्पी साधा गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

## विद्यार्थी बायोमैट्रिक अपडेशन कैंप 70 केंद्रो में शुरू, 31 दिसम्बर तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्कूल शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों का आधार बायोमैट्रिक अपडेशन कैम्प का आयोजन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में किया जा रहा है। विद्यार्थियों का बायोमैट्रिक अपडेशन सभी 07 विकासखण्डों में संकुलवार 70 केन्द्रों में 06 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है। जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शतप्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए 31 दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एक बार अपार आईडी बनने से विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को बार-बार पंजीयन नहीं कराना होगा। जैसे-जैसे विद्यार्थी प्राइमरी से आगे की कक्षाओं की ओर बढ़ता जायेगा, उसका दस्तावेज स्वतः ही प्राइमरी से मिडिल, मिडिल से हाई और हाई से हायर सेकेण्डरी में अपडेट हो जायेंगे। अपार आईडी बिना कोई भी छात्र बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट, जेईई समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। आधार बायोमैट्रिक अपडेशन कार्य की सतत मॉनिटरिंग के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, यू-डाईस प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है। एमआईएस एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को अपने विकासखण्ड के विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित शिविर स्थल पर उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया गया है। जिला स्तर पर जिला नोडल अधिकारी को शिविर का मॉनिटरिंग करते हुए प्रत्येक शनिवार जिला कार्यालय की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दायित्व दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### घायल पुलिस आरक्षक की इलाज के दौरान निधन

**चारामा।** दरगाहन निवासी 35 वर्षीय आरक्षक खम्मन सोनवानी की रायपुर में राज्योत्सव में ड्यूटी लगी हुई थी और पचपेड़ी नाका के पास 02 नवंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के कारण राम कृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में इलाज चल रहा था, जिनका इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 6 नवंबर को गृहग्राम दरगाहन में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्राम वासी सहित विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत 24 वर्षीय सुजन सरकार ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। परतापुर निवासी 42 वर्षीय गिरजा शंकर साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान 23 जून को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आमागढ़ व नवागांव में बीएलओ ने गणना प्रपत्र का किया वितरण



**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अन्तर्गत ग्राम पंचायत हानपत्तरी के आश्रित ग्राम आमागढ, नवागांव में शुक्रवार को 2003 के बाद के मतदाता सुची को पुनः निरीक्षण बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा घर घर जाकर 2003 के बाद वाले मतदान सुची मे सम्मिलित मतदाताओं को प्रपत्र वितरण किया जा रहा है। मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारी देवनाथ सर्फे, एवं सहयोगी रोजगार सहायक सचिव पवन पटेल के द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। आपको बता दे बीएलओ मतदाताओं से आवश्यक जानकारी एकत्र करने के लिए यह प्रपत्र सौंप रहे हैं। बीएलओ देवनाथ सर्फे ने बताया है कि 2003 मतदाता सूची को 2025 के मतदाता सूची से मिलान किया जा रहा है।

### पेंशनर समाज की बैठक में कई प्रस्ताव परित



**चारामा।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा चारामा का मासिक बैठक अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें देय तिथि से डीए, डीआर तथा 2017 से लंबित डीए व डीआर एरियर्ष के संबंध में हस्ताक्षर अभियान छग शासन से मांग के लिए चलाया गया। नंबर माह में जीवित प्रमाण पत्र सभी पेंशनरों को भराकर बैंक में जमा किया गया तथा नए सदस्यों को पेंशनर संघ में सदस्य बनाया गया। बैठक में शिव प्रसाद नेताम संभागीय उपाध्यक्ष, हीरालाल साहू उपाध्यक्ष, अशवन राम सिन्हा, मनराखन मरकाम, लीलाराम नेताम, विस्वभरण तारम, रामगुरु पतिराम, महेश, फागुराम आचले, रमेश कुमार उसेंडी, भगत, लखन ठाकुर, एमआई खान, रविशंकर दर्रो, नारद साहू, डीपी साहू उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## दिवस

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना अवधि के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शानदार आयोजन

# वंदे मातरम् के समूह गायन से राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रप्रेम की मिली प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने आज सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज जिले की सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय कांकेर के शासकीय पीएमश्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कांकेर आशाराम नेताम ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् हमें राष्ट्र प्रेम की शिक्षा देता है। यह गीत हमारे देश की आजादी का नारा बन गया था।

आज से 150 वर्ष पहले बंकिमचन्द्र चट्टोउपाध्याय ने वंदे मातरम् को संस्कृतनिष्ठ बंगाली में रचा था। यह गीत उनके उपान्यास 'आनंद मठ' का एक अंश था, जो सबसे पहले धारावाहिक के रूप में बंगदर्शन में प्रकाशित हुआ था। यह उपन्यास 1770 के दशक में हुए सन्यासी विद्रोह पर आधारित था, आनंद मठ बाद में 1882 में एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुआ। इस अमर गीत के रचयिता बंकिम चटर्जी को स्मरण करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि हमारा देश समृद्ध हो और खुशहाल बनें, इसके लिए हम सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा। राष्ट्रीय गीत हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है, हम सब अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए देश की विकास में भागीदार बनें।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी और महेश जैन ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मां भारती को समर्पित देश भक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा यह गीत हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, सहित गणमान्य नागरिकों एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद द्वारा किया गया।







### लोहत्तर में हुआ वंदेमातरम गायन



दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के शासकीय उमावि लोहत्तर में राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर स्मरणोत्स्व कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वंदे मातरम कार्यक्रम के 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया और उनके संबोधन को सुनना गया। उसके उपरांत वंदे मातरम गायन किया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति विकास राजु नायक, प्राचार्य सुशील कुमार साहु, व्याख्याता श्यामसिँह नेगी,

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का किया सामूहिक गायन



**कोरर।** वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय हाईस्कूल कोकानपुर में दूरदर्शन में टीवी के माध्यम से दिखाया गया और सभी छात्र छात्राएं, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि एवं एसएमसी सदस्यों के द्वारा वंदे मातरम गीत एक साथ गाया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन से हुई, जिसमे सभी बच्चों एवं शिक्षको ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सामूहिक गायन के पश्चात उपस्थित जन ने प्रधानमंत्री का संबोधन भी सुना, जिसमे उन्होंने राष्ट्र प्रेम एकता और भारतीय संस्कृति के गौरव को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। यह आयोजन बच्चों मे राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान एवं देश प्रेम की भावना जागृत करने मे सफल रहा।

### वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर बासनवाही विद्यालय में गूंजा देशभक्ति का स्वर

**बासनवाही।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने एक साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर देश के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य डीके भास्कर के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् के इतिहास और इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के जीवन पर आधारित जानकारी प्रस्तुत किया। सामूहिक गान के दौरान पूरा विद्यालय देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा थामकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। शिक्षकों ने गीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि "बंदे मातरम्" केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा है, जिसने लाखों भारतीयों को देशप्रेम से प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा किहमें अपने राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के इतिहास को जानना चाहिए, क्योंकि यही हमें अपने देश की संस्कृति और त्याग की भावना से जोड़ता है। अंत में सभी उपस्थितों ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल में वंदे मातरम् की150 वीं वर्षगांठ पर हुआ आयोजन



. **दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, देशभक्ति और सांस्कृतिक गरिमा का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए उद्घाटन संबोधन के सीधा प्रसारण के साथ हुई, जिसे विद्यालय परिवार ने दूरदर्शन के माध्यम से सामूहिक रूप से देखा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद विद्यालय प्रांगण में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से हार्मोनियम की धुन पर वंदे मातरम् का भावपूर्ण गायन किया। सामूहिक गायन के दौरान सभी छात्रों की आवाज में राष्ट्रभक्ति का जुनून स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इसके पश्चात विद्यालय में रंगोली, पोस्टर निर्माण, लेखन, कविता पाठ, नृत्य, गीत, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास, इसके भावात्मक स्वरूप और राष्ट्रनिर्माण में इसकी भूमिका पर अपने विचार भी व्यक्त किए। मुख्य अतिथि अशोक जैन ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, उत्साह और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाखों देशभक्तों के भीतर जोश और त्याग की भावना जगाई थी। संस्था के प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में देशप्रेम की भावना को जगाते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करने वाले सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ, पालकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की वर्षगांठ पर हुए कार्यक्रम



**कोरर।** माँ भारती को समर्पित, देश भक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से ओत-प्रोत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में भारत माता एवं महात्मा गाँधी का पूजा अर्चना किया गया। राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत गाया गया। सरपंच विनोद रावटे ने बताया की पूरे देश में एक वर्ष तक कार्यक्रम करना, जिसमें ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तरीय पर आयोजन होना है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् भारत की एकता, देश भक्ति और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का अमर प्रतीक है। इस अवसर पर गौतम गांवर अध्यक्ष ग्राम सभा,संजय जैन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, नारायण सिंह जैन, शुभेष मिश्रा, संताराम तेता, हेमलाल कुलदीप, शिवप्रसाद यदु, मोहन बढ़ाई, तुकाराम कुलदीप, दयाराम सलाम, चंद्रभान मरकाम, धनेश्वरी रावटे, सुमित्रा नरेटी, कुमारी भंडारी, तनु हिचामी, संतोषी हिचामी, सगुना नरेटी, रामकुमारी भुआर्य, इंद्रावती कावड़े, अश्वनी सोनी, देवकी नरेटी, लता यदु, किरण यदु, इंद्रा जैन, देवा जैन, महादेव यदु, राजू वैष्णव, समारु कुलदीप एवं छात्र छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## पंचायत विकास योजना पर सरपंच सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना के उन्मुखीकरण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी 44 ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया, प्राथमिकताएँ निर्धारित करने की विधि, बजट आवंटन और प्रभावी क्रियान्वयन की समझ को मजबूत करना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें ग्राम के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता अनिवार्य होती है। गांव की जरूरतों और विकास की दिशा को समझकर योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से तैयार किया जाना चाहिए, ताकि अंतिम रूप से तैयार होने वाली योजना गांव की वास्तविक मांगों को पूरा कर सके। कार्यक्रम में 65 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सरपंचों एवं सचिवों ने अपने अनुभव साझा किए और विकास कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए नए सुझाव प्राप्त किए। प्रतिभागियों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में आसानी होती है और ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में गति आती है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने कहा कि पंचायतें स्थानीय शासन की सबसे मजबूत इकाई हैं, इसलिए उनके प्रतिनिधियों का दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने ग्राम विकास योजनाओं में सटीक डेटा और सामाजिक सर्वेक्षण को महत्वपूर्ण बताया।

### सहायक शिक्षक पदोन्नति प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना



**पखांजुर।** सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन पखांजुर की पहल पर अब सहायक शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता खुलता दिख रहा है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया को तेज करने की मांग किया।

फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार साक्षी ने वरिष्ठता सूची और 31 दिसंबर 2025 तक रिक्त होने वाले पदों की जानकारी पर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कराया। उनका मुख्य उद्देश्य था कि विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में अधिक से अधिक सहायक शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिले और विद्यालयों को जल्द से जल्द प्रधान पाठक मिल सकें। फेडरेशन की मांगों को गंभीरता से लेते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। वरिष्ठता सूची को ब्लॉक स्तर पर शीघ्र जारी किया जाएगा। जारी करने से पूर्व ही सुधार किया जाएगा।

## आरीडोंगरी माइंस क्षमता विस्तार जनसुनवाई पर बड़ा विवाद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

मेसर्स गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे में संचालित आयरन ओर माईस आरीडोंगरी के प्रस्तावित क्षमता विस्तार की जनसुनवाई को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आमजन में गहरा आक्रोश व्याप्त है। 13 नवंबर को ग्राम कच्चे में रखी गई जनसुनवाई पर कई गंभीर सवाल उठाए गए हैं और 10 नवंबर तक मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर 11 नवंबर को चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच संघ और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और माईस प्रबंधन को लेकर एसडीएम के सामने लिखित में कई मुद्दे रखते हुए 10 नवंबर तक निराकरण की माँग किया है, जिसमें जनसुनवाई को ब्लॉक मुख्यालय भानुप्रतापपुर में स्थानांतरित किया जाए। आरोप है कि कच्चे गांव में जनसुनवाई रखने से निष्पक्षता प्रभावित होगी और विवाद की स्थिति बन सकती है। जनसुनवाई से पहले खनिज प्रभावित गांवों की आधिकारिक सूची जारी किया जाए। माईस प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार की कमी पर आपत्ति जताई गई है, ताकि सभी प्रभावित लोग इसमें भाग ले सकें। वर्ष 2009 से अब तक खनिज प्रभावित गांवों में सीएसआर और डीएमएफ से से कराए गए विकास कार्यों की संपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करने की मांग है। इसी अवधि में कितने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है, इसकी पूरी और सत्यापित जानकारी मांगी गई है।

**पर्यावरण नियमों का उल्लंघन और अवैध कटाई:** सुशासन तिहार 2025 के आवेदन क्रमांक 25144759400044 में वन एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गोदावरी इस्पात द्वारा बिना अनुमति के लगभग 5000 पेड़ों की अवैध कटाई कर लकड़ी को गायब कर दिया गया है। इस पर मांग है कि पहले इस अवैध कटाई की सूक्ष्मता से जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए, उसके बाद ही पर्यावरण की जनसुनवाई की जाए।



### चक्काजाम की चेतावनी

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को 10 नवंबर तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि हमारी मांगों पर विचार कर त्वरित और उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो 11 नवंबर को स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच संघ और ग्रामीण मिलकर चक्काजाम करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून व्यवस्था की खराब स्थिति की संपूर्ण जवाबदेही प्रशासन की होगी।

## भानुप्रतापपुर स्कूल मरम्मत पर संदेह 17 करोड़ की राशि जांच के घेरे में

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर ब्लॉक में स्कूल मरम्मत व सुधार कार्यों के लिए जारी 17 करोड़ से अधिक राशि अब विवादों में घिर गई है। पिछली सरकार की स्कूल जतन योजना के तहत यह राशि विद्यालयों के भवनों के सुधार और शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से दी गई थी, लेकिन अब ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि अधिकांश स्कूलों में कार्य कागजों पर ही पूरे दिखा दिए गए। ग्रामीणों का कहना है कि काम से ज्यादा बंदरबांट हुई है, कई जगह पैसों का उपयोग दिखाई ही नहीं देता। कई स्कूल आज भी जर्जर हालत में हैं। फर्श टूटा हुआ, दीवारों में दरारें और टीन शेड उखड़े हुए हैं, जबकि फाइलों में मरम्मत पूर्ण दर्शाई गई है। हरिभूमि ने छह माह पूर्व ही इन अनियमितताओं का विस्तृत खुलासा किया था और कई स्कूलों की वास्तविक तस्वीरें व स्थिति उजागर किया था। इसके बावजूद इसके विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब जब नए खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में पदस्थ हुए हैं, तब यह मुद्दा फिर से गरमा गया है और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग किया है। शिक्षा विभाग का कहना है कि शिकायतें प्राप्त होने पर स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी और यदि अनियमितता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण अब इस पूरे खर्च की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि करोड़ों की राशि वास्तव में स्कूलों के विकास पर लगी या फिर किसी की जेब भरने में खर्च हो गई।






